कार्यालय :— प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम (म0प्र0)

//आदेश//

क्रमांक 127 /दो—11—17/24 नर्मदापुरम,दिनांक 07/02/25

मैं, रामकुमार चौबे, प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम कार्यविभाजन आदेश वर्ष 2024 में निम्नानुसार आंशिक संशोधन प्रतिस्थापित करता हूँ :—

अ— कार्यविभाजन आदेश 2024 के पेज क्रमांक 4 की कंडिका 4 द्वितीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम के समक्ष कॉलम 4 (श्रवणाधिकार) की कंडिका 11, 14 तथा पेज क्रमांक 5 की कंडिका 15, 16, 17 एवं 18 विलोपित की जाती है।

ब— कार्यविभाजन आदेश 2024 के पेज क्रमांक 5 की कंडिका 4—अ तृतीय जिला एवं अपर सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम के समक्ष कॉलम 4 (श्रवणाधिकार) की कंडिका 10 के पश्चात निम्नानुसार कंडिकायें प्रतिस्थापित की जाती है :—

11— रजिस्ट्री अधिसूचना क्रमांक सी/887, (Exclusive POCSO)/ तीन—6—5/2010 FTSCs C.S.S. जबलपुर, दिनांक 06.02.2025 अनुसार मुख्यालय नर्मदापुरम में प्रस्तुत होने वाले **लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO Act, 2012)** के अपराधों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण, रिमांड,जमानत याचिकायें एवं अन्य कार्यवाहीयां।

12— संपूर्ण सेशन खंड, नर्मदापुरम क्षेत्र के, **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के साथ लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO Act, 2012)** से संबंधित समस्त आपराधिक प्रकरणों का निराकरण, रिमांड जमानत याचिकायें एवं अन्य कार्यवाही।

13— **किशोर न्याय बोर्ड द्वारा किशोर न्याय के देखरेख, संरक्षण अधिनियम की धारा 18 (3)** के अधीन प्रेषित मामले जिनमें बालक के व्यस्क के भांति विचारण किए जाने हेतु स्थानांतरण किया गया है।

14— **किशोर न्याय के देखरेख, संरक्षण अधिनियम**, 2015 की धारा 86 द्वारा बालक न्यायालय द्वारा विचारणीय मामले।

15— **किशोर न्याय के देखरेख, संरक्षण अधिनियम, 2015** की धारा 101 के अंतर्गत अपील।

7.2.2025

(रामकुमार चौबे)
प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश
नर्मदापुरम (म0प्र0)

पृ0 क. 113 /सां0लि0/2024 नर्मदापुरम,दिनांक 07/02/25

कार्यविभाजन पत्रक 2024 में आंशिक संशोधन की प्रतिलिपि :–

01– माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

02– समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला स्थापना, नर्मदापुरम/इटारसी/सिवनी मालवा/सोहागपुर/पिपरिया

03– अध्यक्ष/सचिव अधिवक्ता संघ, नर्मदापुरम/इटारसी/सिवनी मालवा/सोहागपुर/पिपरिया

04– प्रस्तुतकार सेशन न्यायाधीश, नर्मदापुरम

05– पंजीयन लिपिक, नर्मदापुरम

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

वास्ते – प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश
नर्मदापुरम (म0प्र0)